तापमान

अधिकतम 24.9 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 7 फरवरी 2026



12 सभी कार्यों को आपसी समन्वय के साथ पूरा करने के दिए निर्देश





12 लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणादायक...




### कैबिनेट मंत्री ने म्हारा हरियाणा नस्ल की गाय को गुड़ खिलाकर राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

# पशुपालक किसान की आय को वर्ष 2047 तक चार गुणा करना ही प्रधानमंत्री का सपना: श्याम सिंह राणा

**योजनाएं बनाकर किसानों की आय को दोगुना किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पशुपालन, मत्स्य, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि पशुपालक किसान की आय को वर्ष 2047 तक चार गुणा करना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश को विकसित भारत बनाने का सपना है। इस सरकार ने वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री ने 2022 तक किसानों की आय को डबल करने का एलान किया था। सरकार ने योजनाएं बनाकर किसानों को आय को दोगुना किया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की मुर्रा व साहीवाल नस्ल की भैंस ने विश्व भर में प्रसिद्धि प्राप्त की है। इसी तरह प्रदेश प्रति व्यक्ति के हिसाब से 1128 ग्राम दूध का उत्पादन कर रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा शुक्रवार को केडीबी मेला ग्राउंड में आयोजित 41 वें राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने म्हारा हरियाणा नस्ल की गाय को गुड़ खिलाकर राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि अमेरिका और भारत डेमोक्रेटिक देश हैं। दोनों देशों का स्वभाव एक जैसा है और दोनों ही देश आपस में मित्र देश हैं। पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के पास जब पाकिस्तान का प्रधानमंत्री गया तो उसके साथ वहां का सेनापति था, लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश जाते हैं तो साथ में हमारे देश के विदेश मंत्री होते हैं। डॉनल्ड ट्रंप को इस बात से समझ आ गया कि कौन कैसा है। उन्होंने कहा कि हमारा भारत देश शांतिप्रिय देश है, जो आतंकवाद को खत्म करता है। पाकिस्तान का विदेश सिस्टम आर्मी देखती है, सेनापति तो आतंकवाद पालता है। इसलिए पाकिस्तान पर जितना जल्दी अमेरिका बैन करे, उतना ही अच्छा है। मंत्री श्याम सिंह राणा ने मेले में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



कुरुक्षेत्र। मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करती जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर व अन्य।



कुरुक्षेत्र। रैंप पर कैटवॉक करते पशु।

## पशुओं ने किया कैटवॉक

मंत्री श्याम सिंह राणा ने अच्छी नस्ल के पशुओं का मेले में बनाए ट्रैक पर कैटवॉक भी देखा। मेले में आए किसानों का ड्रा के माध्यम से बुलेट, मोटरसाइकिल बाइक, मिक्सर जूसर निकाले गए। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पूरे प्रदेश के कृषि मंत्रियों के साथ चर्चा की। इस चर्चा में उनको बताया कि केंद्रीय पॉलिसी से किए जा रहे पशु के बीमा में भैंसों के थनों के हिसाब से और घोड़ों के लिए पैरों की कंडीशन को पॉलिसी में शामिल किया जाने का सुझाव दिया, क्योंकि किसी भी भैंस की क्वालिटी उसके चारों थनों से आने वाले दूध से होती है और घोड़े की पहचान उसकी चारों पैरों की चाल से होती है। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय से जमीन का रकबा वहीं है, अब परिवार और जनसंख्या बढ़ी है। ऐसे में किसानों को पशुपालन की तरफ तकनीकों को अपनाकर बढ़ने की जरूरत है। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि पशुपालकों के लिए मेले में आने की व्यवस्था के लिए 200 बसों को लगाया गया है। यहां पर किसानों के लिए 50 लाख रुपए तक के इनाम रखे गए हैं। अलग-अलग कंपनियों की फीड व दवाओं की स्टॉल लगाए गए हैं।

## मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री अपने प्रयासों के चलते किसानों को पहुंचा रहे लाभ: विधायक

विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि इस भव्य प्रदर्शनी का पूरा श्रेय मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को जाता है। जो अपने प्रयासों के चलते किसानों को लाभ पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने में किसान, पशुपालक वर्ग की अहम भूमिका रहने वाली है। उन्होंने कहा कि किसानों को आगे बढ़ाने के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यहां पर 53 किस्मों के हजारों पशुओं ने मेले में हिस्सा लिया है। इनमें से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले पशुपालकों को 50 लाख रुपए तक के इनाम वितरित किए जाएंगे।

## आधुनिक तकनीकों का करें प्रयोग

प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया ने कहा कि सरकार ने पशुपालकों को लाभ देने के लिए कई प्रचार की योजनाएं लागू की हुई हैं। इनका सभी वर्गों को लाभ दिया जा रहा है। महिलाओं, अनुसूचित जाति सहित अन्य वर्गों के लिए विशेष योजनाएं भी लागू की गई हैं। इसके अलावा ऋण व अन्य सुविधाएं भी पशुपालकों को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पशुपालक अपने व्यवसाय में आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करें। विभाग के टीकाकरण व अन्य अभियानों का लाभ उठाएं। इसके अलावा सरकार की योजनाओं में आवेदन करके ऋण व अनुदान प्राप्त करें। इस मौके पर चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, पशुपालन विभाग के महानिदेशक डा. प्रेम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, जिला परिषद चेयरर्पस कंवलजीत कौर, लुवास वीसी विनोद वर्मा, संयुक्त निदेशक धर्मेंद्र, उप निदेशक डा. अनिल बनवाला, डा. जसबीर सिंह, डा. मनजीत सिंह कटारिया, डा. प्रवीन, डा. सतबीर, डा. रितू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# ज्वेलर्स की दुकान से छह किलो चांदी और पांच तोले सोने के आभूषण चोरी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव शादीपुर में चोरों ने ज्यूलर्स की दुकान का ताला तोड़कर छह किलो चांदी और पांच तोले सोने के आभूषण चोरी कर लिए। चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब 16 लाख रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के विशाल नगर चोपड़ा गार्डन निवासी अनिल कुमार ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव शादीपुर में जवैलरी की दुकान है। वह चार फरवरी को शाम साढ़े छह बजे दुकान को बंद करके घर आ गया था। सुबह जब साढ़े 11 बजे वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से छह किलो चांदी के जेवरात और पांच तोले सोने के जेवरात गायब मिले। जिनकी कीमत करीब 16 लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## दुकान के सामने खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली चोरी

उत्तर प्रदेश के मुंडीखेड़ी रामपुर मनिहारन निवासी सुशील कुमार ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पांच फरवरी को यमुनानगर लक्कड़ मंडी में ट्रैक्टर-ट्राली में लकड़ी लोड़ करके लेकर आया था। रात को उसने अपनी ट्रैक्टर-ट्राली पांसरा फाटक के सामने चौधरी राजकुमार की दुकान के सामने खड़ी की थी। इसके बाद वह दुकान के अंदर जाकर सो गया था। सुबह जब वह जागा तो उसे दुकान के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली गायब मिली। काफी तलाश के बाद ट्रैक्टर-ट्राली का कुछ भी पता नहीं चला। उसने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली की कीमत करीब छह लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### ट्रक व कार की टक्कर में नाबालिग समेत दो घायल

**यमुनानगर।** कैल-कलानौर बाईपास हाइवे पर ट्रक की टक्कर लगने से कार में सवार नाबालिग लड़के समेत दो युवक घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव ससौली निवासी विक्रांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित उनके गांव का ही हरमन अपने दोस्त गांव दाऊमाजरा शाहबाद निवासी 16 वर्षीय उदय के साथ कार में सवार होकर जा रहा था। जब वह गांव फुंसगढ़ के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी।

### महिला अपने बेटे के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**यमुनानगर।** गांव सरांवा से एक महिला अपने नौ वर्षीय बेटे के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। घर वापस न लौटने पर परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव सरांवा निवासी पवन कुमार ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी 29 वर्षीय काजल चार जनवरी को सुबह साढ़े नौ बजे बेटे दक्षित के साथ सरांवा से शाहबाद की बस में सवार होकर गांव अकबरपुर गई थी। मगर इसके बाद कालज न तो अकबरपुर पहुंची और न घर वापस आई।

### धोखाधड़ी करने के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस लगातार साइबर ठगों को काबू कर जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने आनॅलाइन टेलीग्राम पर पैसा कमाने व टास्क पूरा करने के नाम पर एक बड़ी रकम की धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी अभय सिंह उर्फ अंकित को गिरफ्तार किया है। जांच करने पर पाया गया आरोपी अभय सिंह के खाते में लगभग 10 लाख रूपये ट्रांसफर हुए थे। महेशनगर के राज कुमार ने 18 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 अगस्त 2025 से 3 नवंबर 2025 के दौरान आरोपी ने आनॅलाइन टेलीग्राम पर पैसा कमाने व टास्क पूरा करने के नाम पर उससे 3 करोड़ 13 लाख की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है।





करनाल। हड़ताल शामिल होने को लेकर चिकित्सा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन।

### आशा वर्करों ने हड़ताल में शामिल होने का किया ऐलान

**करनाल।** आशा वर्कर यूनियन ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रोके गए मानदेय का तुरंत भुगतान करने तथा आशा वर्करों को पक्का कर्मचारी बनाने की मांग की है। इसके अलावा कई लंबित मांगों को लेकर आशा वर्करों ने 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का एलान किया है। पीएचसी बड़ौता में चिकित्सा अधिकारी को हड़ताल का नोटिस सौंपा गया। जिला सचिव सुदेश व पीएचसी प्रधान रजनी ने कहा कि आशा वर्कर लगातार फील्ड में काम करती है रिकॉर्ड मेंटेन करती है। अब सरकार ऑनलाइन काम करने का आशाओं पर दबाव बना रही है। केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले आरोग्य मंदिर के मानदेय को काट दिया गया है।

### घर में घुस कर हमला पति के हाथ व पैर तोड़े

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप में पांच युवकों ने घर का मुख्य दरबाजा तोड कर अंदर सो रहे परमजीत व इसकी पत्नी साजिदा पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने परमजीत का एक हाथ व पैर तोड दिया। वहीं आरोपियों ने मारपीट कर वीडियो बनाया और इसे सोशल मीडिया पर जारी करते हुए मुख्य आरोपी प्रीतम ने अपने स्टेट्स पर लगाया। इधर, घायल परमजीत को सिविल अस्पताल ले जाया गया, यहां प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे कल्पना चावला अस्पताल, करनाल रेफर कर दिया। जबकि गंभीर हालत को देखते हुए परिजनों ने परमजीत को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया।

# घरौंडा में दूल्हे ने लौटाए 6 लाख, सिर्फ एक नोट रखा शगुन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

घरौंडा में एक अनोखी शादी ने दहेज प्रथा के खिलाफ मजबूत सामाजिक संदेश दिया। रेलवे रोड स्थित अग्रसेन भवन में 5-6 फरवरी की रात आयोजित विवाह समारोह के दौरान दूल्हे अंकित ने दुल्हन पक्ष द्वारा दिए गए 6 लाख रुपये नकद और अन्य सामान को बीच रस्म ही लौटा दिया। शगुन की रस्म में जब दुल्हन के परिजनों ने टीका कर नकदी भेंट की, तो अंकित ने सम्मानपूर्वक उसे माथे से लगाया और तुरंत वापस कर दिया।

सबको चौंकाते हुए अंकित ने 500 रुपये की गड्डी से केवल एक नोट निकालकर उसे ही शगुन के रूप में अपने पास रखा और साफ कहा कि वह शादी में किसी भी प्रकार का दहेज स्वीकार नहीं करेंगे। इतना ही नहीं, दूल्हे के परिजनों ने शादी में दिए जा रहे फर्नीचर और अन्य उपहार भी लौटा दिए। इसके बाद विवाह की सभी रस्में सादगी और खुशी के माहौल में पूरी की गईं।



### बिना दहेज विवाह

अंकित मूल रूप से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के सोना अर्जुनपुर गांव के रहने वाले हैं और पंचकूला की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। वहीं, दुल्हन आरती घरौंडा की निवासी हैं और स्नातकोत्तर करने के बाद एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। आरती के पिता ओमबीर राणा ने बताया कि परंपरा के अनुसार दहेज देने की तैयारी की गई थी, लेकिन लड़के वालों ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि उन्हें कुछ नहीं चाहिए। परिवार की यही सोच पहले भी दिख चुकी है। अंकित के बड़े भाई की शादी में भी दहेज नहीं लिया गया था और शगुन के तौर पर मात्र एक रुपया स्वीकार किया गया था। घरौंडा की इस शादी ने समाज को यह संदेश दिया कि रिश्तों की नींव लेन-देन पर नहीं, बल्कि आपसी सम्मान और समानता पर टिकती है।

# राहुल के बयान पर असीम गोयल का तीखा पलटवार

- राहुल गांधी 'एक्सिडेंटल पॉलिटिशियन', राजा वड़िंग पंजाब के 'पप्पू'
- मंत्री रवनीत बिट्टू पर टिप्पणी करने पर पूर्व राज्यमंत्री ने किया पलटवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान के बाद सियासत तेज़ हो गई है। राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय मंत्री को "गद्दार" कहे जाने को लेकर भाजपा और सिख समाज में भारी रोष देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में पूर्व परिवहन मंत्री असीम गोयल ने राहुल गांधी और उनकी सोच पर कड़ा प्रहार किया है। गोयल ने कहा कि राहुल गांधी को न तो देश के इतिहास की जानकारी है और न ही उसके भूगोल की। उन्होंने कहा कि लगता है कि राहुल गांधी 1984 के सिख विरोधी दंगों में अपनी दादी इंदिरा गांधी की भूमिका को पूरी तरह भुला चुके हैं। उस कत्लेआम के लिए माफी मांगने का साहस नहीं दिखा पाए है। रवनीत बिट्टू को लेकर इस्तेमाल की गई भाषा राहुल गांधी की मानसिकता और फितरत को दर्शाती है।

### सिख इतिहास पर बोले गोयल, कांग्रेस पर साधा निशाना



असीम गोयल ने सिख इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि सिख पंथ की साजना श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने की थी। यह अंबाला के लिए गर्व की बात है कि गुरु गोबिंद सिंह जी की दस्तारबंदी की रस्म गुरु साहिब के ननिहाल लखनौर साहिब अंबाला में हुई थी। लोकसभा में प्रधानमंत्री का अभिभाषण न होने को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों पर भी असीम गोयल ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक जिम्मेदार और सार्थक विपक्ष की भूमिका निभाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। कांग्रेस नेता सवाल पूछकर सदन से भाग जाते हैं, जबकि लोकतंत्र में सवाल पूछने के साथ-साथ जवाब सुनने का माद्दा भी होना चाहिए।

### राहुल भूले जनता सेवा

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि राहुल गांधी, गांधी परिवार के अलावा किसी और का सम्मान करना नहीं जानते। उन्होंने राहुल गांधी को "एक्सिडेंटल पॉलिटिशियन" करार देते हुए कहा कि उनका राजनीति से जुड़ाव जनता की सेवा नहीं बल्कि परिवारवाद का परिणाम है। राहुल गांधी के समर्थन में बयान दे रहे पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर राजा वड़िंग पर भी असीम गोयल ने जमकर निशाना साधा। उन्होंने राजा वड़िंग को "पंजाब का पप्पू" बताते हुए कहा कि नेता का बचाव कीजिए, लेकिन अंधा मत बनिए। असीम गोयल ने कहा कि राजा वड़िंग यह भूल रहे हैं कि बेअंत सिंह का राजनीतिक जीवन राहुल गांधी की वर्तमान उम्र से भी अधिक लंबा रहा है।

# अंबाला में भाजपा मजबूत, सौंडा गांव से बड़ी संख्या में सदस्य हुए शामिल

## कई लोगों ने थामा भाजपा का हाथ, पूर्व राज्यमंत्री ने करवाई ज्वाइनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। शुक्रवार को गांव सौंडा से बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा की नीतियों पर भरोसा जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा एवं हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सभी नए सदस्यों को भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल किया और उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा लागू की जा रही जनहितकारी योजनाओं और विकास कार्यों से आम जनता प्रभावित है। इसी का परिणाम है कि समाज के हर वर्ग के लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं।



अंबाला। भाजपा में शामिल हुए विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ता।

# पानीपत में घोड़ों के हमलों में 12 घायल

- तीन गंभीर रूप से घायल, हुडा सेक्टर-24 निवासियों ने प्रशासन से सुरक्षा मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 24 में कुत्ते व बंदरों का नहीं बल्कि घोडों का प्रकोप है। घोडों के हमलों से एक दर्जन लोग घायल हो चुके है। ये घोडों, सेक्टर के खाली प्लाटों में निवास कर रहे झुग्गी झोपडी वालों के है। ये, अपने घोडों को चरने के लिए खुला छोड देते है। घोडों के हमलों में अनिल गिरधर की पसलियां टूट गई और वे दिल्ली एम्स में उपचाराधीन है। जबकि घोड़े ने कलाई पर काट कर प्रशांत के हाथ में फ्रैक्चर कर दिया।

### शहर में घोड़ों के हमलों का खतरा

कपिल ने बताया कि घोड़े के हमले में उनका जबडा घायल हो गया। इधर, हुडा सेक्टर 25 की आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष कमल ने आरोप लगाया कि बार बार शिकायत करने के बावजूद भी नगर निगम, घोडों के मालिकों पर कार्रवाई कर रहा है। घोडों के हमलों में एक दर्जन लोग घायल हो चुके है। उन्होंने उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया से सेक्टर निवासियों को घोडों से सुरक्षा दिलवाने की मांग करते हुए कहा कि पानीपत प्रशासन को आवारा घुम रहे घोड़े मालिक की पहचान कर उनक पर सख्त कानूनी कार्रवाई करवानी चाहिए।

### उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा मांगपत्र

# फैक्ट्रियों से निकलने वाली काली राख की समस्या के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर में फैक्ट्रियों से निकलने वाली काली राख की समस्या से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इसके साथ ही क्षेत्र में सांस संबंधी बीमारी भी बढ़ रही है। उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों ने शुक्रवार को काली राख की समस्या के स्थाई समाधान की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांगपत्र भेजा।

शुक्रवार को उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल के नेतृत्व में जिला सचिवालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम विश्वनाथ के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांगपत्र भेजा। महेंद्र मित्तल ने बताया की शहर की छोटी लाईन, संत नगर, न्यू मार्केट, विश्वकर्मा मोहल्ला, पुराना रादौर रोड, कैंप, पटेल नगर, पुराना हमीदा, जमना गली, चूना भट्टी, सुभाष गली, कृष्णा गली, राजा राम गली, पुराना सहारनपुर रोड व तीर्थ नगर आदि क्षेत्रो में राखी और काली राख उड़ कर आती है। जिस कारण क्षेत्र वासी बहुत परेशान रहते हैं।



यमुनानगर। सचिवालय में एडीएम को मांगपत्र सौंपते उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य।

### पहले भी कर चुके शिकायत

इस समस्या को लेकर वह पहले भी कई बार शिकायत कर चुके हैं। किंतु समस्या का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर पहले यमुनानगर विधायक घनश्याम दास को शिकायत पत्र दिया गया था। किंतु समस्या का समाधान नहीं किया गया। उन्होने बताया की क्षेत्र में हर समय काली राख उड़ती रहती है। जो की क्षेत्र में बीमारियों का कारण बन रही है। उस क्षेत्र में सांस संबंधी समस्या बहुत ज्यादा मरीज हो गये हैं। काली राख उड़ने से वाहन चालकों का सड़क से चलना भी मुसकिल रहता है। क्षेत्र के लिए समस्या बहुत विकराल रूप लेती जा रही है। लोग खुले में कोई भी सामान नहीं रख सकते। उन्होंने मांग की है कि क्षेत्र में उड़ने वाली काली राख का स्थाई समाधान करवाया जाए। जिससे लोगों की समस्या का समाधान हो सके।

## खबर संक्षेप



इंद्री। सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच करते डॉक्टर।

### अस्पताल में जांचा सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य

**इंद्री।** सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपमंडल नागरिक अस्पताल इंद्री में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में टीबी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी और फेफड़ों की जांच जैसी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की गई। जिस भी सफाई कर्मचारी को कोई भी स्वास्थ्य से संबंधित समस्या थी उसे उसकी दवाई भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई है। डॉक्टरों ने सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने और स्वस्थ रहने के उपायों के बारे में भी जानकारी दी। खण्ड समन्वयक ब्रह्मजीत ने बताया कि इस हेल्थ चेकअप का उद्देश्य कर्मचारियों को काम के दौरान होने वाली गंभीर बीमारियों और संक्रमण से बचाना है।



करनाल। स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच करवाते हुए सफाई कर्मचारी।

### स्वास्थ्य शिविर में 550 सफाई कर्मियों की जांच

**करनाल।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की ओर से यहां सेक्टर-16 के पोलिक्लिनिक में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर आज संपन्न हो गया। इसमें 550 सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। डॉ. नीरू बाला के अनुसार शिविर में डॉक्टरों की टीम द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के 550 सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जरूरतमंद कर्मचारियों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि 550 कर्मचारियों का शूगर व एचबी और 297 का एचआईवी टेस्ट किया गया। इसके अलावा एचसीवी 197 और एचबीएस-एजी के लिए 197 की स्क्रीनिंग की गई। इतना ही नहीं 454 कर्मचारियों का एक्स रे और 355 का बलगम टेस्ट किया गया।

### लेक्सपलोर जीशोबीकी प्रणाली का अवलोकन

**तरावड़ी।** नरसिंह दास पब्लिक स्कूल के निदेशक धर्मेंद्र खेड़ा और चुभू यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर फुकाया ने संयुक्त रूप से जनकपुरी दिल्ली में स्थित सुमेरमल जैन पब्लिक स्कूल में लेक्सपलोर जीशोबीकी प्रणाली का अवलोकन किया। उसे स्कूल की प्रिंसिपल डॉक्टर रचना सद्दी तथा अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापक शालू नंदा ने प्रोफेसर फुकाया तथा धर्मेंद्र खेड़ा का भावपूर्ण स्वागत किया और सुमेरमल जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को इस रोचक विधि को सीखने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर फुकाया ने बच्चों के सम्मुख स्टिकी नोट्स के द्वारा डिक्शनरी को इस्तेमाल करने की विधि को सिखाया। सातवीं कक्षा के करीब 90 बच्चों ने इसमें पूरे उत्साह से भाग लिया। बच्चे इस विधि को सिखाने में बहुत उत्साहित थे।

## संडीर गांव के सरपंच को अवैध कब्जा न हटवाने पर कारण बताओ नोटिस

# सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने में प्रभावी समाधान शिविर : डीसी

**समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को लंबित न रखें, प्राथमिकता से किया जाए निपटारा**

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें। शिविर में प्राप्त शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए ताकि लोगों को मुलभूत सुविधाओं का भरपूर लाभ मिले। इसके साथ ही जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उन्हें पोर्टल पर अपलोड करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उपायुक्त उत्तम सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इससे पहले चंडीगढ़ से सहकारिता विभाग की आयुक्त एवं सचिव आशिमा बराड़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंस माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों के साथ समाधान शिविरों में प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की प्राप्त शिकायतों की कम से कम रिजेक्शन करें तथा शिकायतों को बार-बार री-ओपन न होने दे। बल्कि उनका समाधान करके शिकायतकर्ता को संतुष्ट करे। बैठक में उपायुक्त उत्तम सिंह ने समीक्षा के दौरान गांव संडीर में तालाब पर अवैध कब्जा न हटवाने होने की शिकायत को लेकर डीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे गांव के सरपंच को कारण बताओ नोटिस जारी करे। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित पड़ी हुई है, उनका जल्द समाधान करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें। समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर उतारने का एक प्रभावी माध्यम है। सभी विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटाया जाए। गुणवत्तापूर्ण एटीआर का परफोर्मा भरकर पोर्टल पर अपलोड की जाए ताकि वह शिकायत दोबारा से न खुले। जिन शिकायतों का समाधान संभव नहीं है, उन्हें रिजेक्ट की श्रेणी में डाले। उन्होंने क्रीड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवार पहचान पत्र में सिंगल मेंबर व 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की इनकम से संबंधित शिकायतों के मामलों की डिटेल जानकारी उपलब्ध कराए।




करनाल। बैठक लेते हुए डीसी उत्तम सिंह।

**सोमवार व वीरवार को शिविर का आयोजन**

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को प्रातः10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन एवं अन्य संबंधित शिकायतों की मौके पर सुनवाई कर उनका समाधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और जनता की शिकायतों का मौके पर ही निपटान करना है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे समस्या के समाधान के लिए निर्धारित दिनों में शिविर में पहुंचे। इस अवसर पर एमडी शुगर मिल अदिति, सीटीएम मोनिका, सीईओ जिला परिषद अमित कुमार, डीएसपी राजीव, नगर निगम के अधिकारी अभय सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



तरावड़ी। हिमालय हाउस की टीम रही प्रतियोगिता की विजेता। फोटो : हरिभूमि

## छठी से आठवीं तक के छात्र हुए शामिल

# खेलों से शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास : चौधरी

- प्रताप पब्लिक स्कूल में इंटर-हाउस 50 बॉल क्रिकेट लीग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि, टीम भावना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को विकसित करने के उद्देश्य से इंटर-हाउस 50 बॉल क्रिकेट लीग का भव्य आयोजन विद्यालय के खेल मैदान में किया गया। इस रोमांचक प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस क्रिकेट लीग में विद्यालय के हिमालय, अरावली और शिवालिक हाउस के खिलाडि़यों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का प्रारूप अत्यंत रोचक रखा गया, जिससे प्रत्येक मुकाबला रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहा। विभिन्न हाउस टीमों का नेतृत्व विद्यालय के अनुभवी खेल प्रशिक्षकों द्वारा किया गया, जिन्होंने खिलाडि़यों का मार्गदर्शन करते हुए उनमें अनुशासन,रणनीति और टीम वर्क की भावना को सशक्त किया।

सभी टीमों के खिलाडि़यों में जोश, आत्मविश्वास और खेल भावना देखते ही बन रही थी। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरपर्सन हन्नी चौधरी एवं निर्देशिका पिथी चौधरी ने खिलाडि़यों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। जीत आत्मविश्वास प्रदान करती है, जबकि हार धैर्य, संयम और आगे बढने की प्रेरणा देती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता को विकसित करती हैं।

# प्रतियोगिता में भाग लेने से कौशल विकास : शर्मा

- केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आर्टिफिशिअल इंटैलिजन्स अ रैवलूशनरी अलाई ऑर अ डेंजरस राइवल विषय पर छात्राओं ने अपना पक्ष रखा। मुख्य अतिथि के रूप में केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय करनाल की पूर्व प्राचार्या डा. कमलेश मिश्रा ने शिरकत की। निर्णायक मंडल में दयाल सिंह कालेज की सेवानिवृत एसोसिएट प्रो. डा. पम्पा सेन गुप्ता व दयाल सिंह कालेज करनाल की एसोसिएट प्रो. डा. रीतू शर्मा शामिल रहीं। प्रतियोगिता का शुभारंभ डीएवी गान द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा, मुख्य अतिथि डा. कमलेश मिश्रा, डा. पम्पा सेन, डा. रीतू शर्मा, अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष डा. सुनीत भंडारी, वरिष्ठ प्राध्यापिका डा. मंजू सिंह, डा. सुषमा ठाकुर, डा. संगीता गौरांग, आयोजन सचिव डा. अंजू नरवाल व डा. दीप्ति शर्मा ने दीप प्रज्जवलन किया। प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि को हरियाली का प्रतीक पौधा भेंट किया गया। मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भी भेंट किया गया। निर्णायक मंडल को भी पौधा भेंट किया गया। डा. कमलेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वाद विवाद प्रतियोगिता छात्राओं के बौद्धिक, मानसिक एवं रचनात्मक विकास में अहम भूमिका अदा करती है। प्राचार्या मीनू शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय छात्राओं का सर्वांगीण विकास करने के लिए तत्पर है। प्रतियोयिगताओं में हिस्सा लेने से कौशल विकास होता है।



करनाल। पूर्व प्राचार्या डा. कमलेश मिश्रा का स्वागत करते हुए कॉलेज स्टाफ।

**ये रहे परिणाम**

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। पक्ष में दयाल सिंह कालेज की यशिका ने पहला, जीएनजी कालेज यमुनानगर की ईशा ने दूसरा, आर्य पीजी कालेज पानीपत की दिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जीवीएएम गल्ज कालेज सोनीपत की अनुराधा को सांत्वना पुरस्कार मिला। विपक्ष में जीवीएम गल्ज कालेज सोनीपत की अनुष्का ने पहला, गुरुनानक खालसा कालेज करनाल की प्रिया मलिक ने दूसरा, केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय करनाल की तान्या शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुकुंदलाल नेशनल कालेज यमुनानगर की कनकप्रिया को सांत्वना पुरस्कार मिला।

# दृष्टिबाधित छात्र नसार ने नेट पास किया

- शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री का छात्र है नसार

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री के इतिहास विषय के दृष्टिबाधित छात्र नसार ने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

नसार ने सहायक प्राध्यापक हेतु नेट परीक्षा तथा पीएचडी में प्रवेश हेतु नेट परीक्षा दोनों ही श्रेणियों में सफलता अर्जित कर यह सिद्ध कर दिया कि शारीरिक चुनौतियां दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे बाधा नहीं बन सकतीं। नसार ने राजकीय महाविद्यालय से बीए तथा एमए (इतिहास) की शिक्षा प्राप्त की। उनकी यह सफलता न केवल महाविद्यालय बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। नसार मूल रूप से गांव जैनपुर केहरबा के निवासी हैं। उन्होंने छठी से आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई हाई स्कूल, जैनपुर केहरबा से की।



इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में नसार के साथ प्रोफेसर।

**कॉलेज स्टाफ का आभार जताया**

नसार ने शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय के समस्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ का भी आभार व्यक्त किया। नसार ने विशेष रूप से प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी के कुशल मार्गदर्शन और सहयोग को अपनी सफलता की मजबूत नींव बताया। महाविद्यालय परिवार ने नसार की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नसार की यह सफलता यह संदेश देती है कि समर्पण, परिश्रम और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# एग्रीकल्चर ट्रेड डील किसानों के साथ धोखा : भाकियू सर छोटूराम

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित एग्रीकल्चर ट्रेड डील को किसानों के साथ बड़ा धोखा करार दिया है।

यूनियन ने कहा कि यह समझौता सरकार द्वारा लाए गए काले कृषि कानूनों जैसा है, जिन्हें किसान आंदोलन के दबाव में वापस लेना पड़ा था। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि यह डील छोटे और मझोले किसानों की आजीविका पर सीधा खतरा है। यदि विदेशी कृषि उत्पादों का आयात बढ़ा तो किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल पाएगा। सरकार बिना किसानों की राय लिए ऐसे अहम समझौते कर रही है, जो किसानों को फिर से आंदोलन के रास्ते पर ले जाएंगे। महंगे बीज, खाद, डीजल और बिजली की मार झेल रहे किसानों को वैश्विक कंपनियों से मुकाबला करना अन्याय है।

यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि यह किसान विरोधी डील वापस नहीं ली गई तो देशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा।

**बैठक 9 को, आंदोलन की रणनीति पर होगा मंथन**

करनाल। भारतीय किसान यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक 9 फरवरी को सुबह 11 बजे अर्जुन नगर स्थित दीनबन्धु सर छोटूराम किसान भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता भाकियू के जिला प्रधान सरदार सुरेन्द्र सिंह घुम्मन करेंगे। यह जानकारी जिला महासचिव सुरेन्द्र सिंह बैनीवाल ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में किसानों की ज्वलंत समस्याओं, संगठन को मजबूत करने और आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी किसानों से समय पर पहुंचकर बैठक में भाग लेने और किसान हितों की लड़ाई को मजबूत करने की अपील की।

# जन सुनवाई में समस्याओं का निस्तारण

- हर शिकायत का समयबद्ध व पारदर्शी समाधान करें अधिकारी : मेयर रेनू बाला गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मेयर ने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी शिकायतें लिखित रूप में और मोबाइल नंबर के साथ लेकर आएं, ताकि कार्य पूर्ण होने पर फीडबैक लिया जा सके। उन्होंने सड़कों के गड्ढे भरने, सीवरेज, बरसाती पानी की पाइपलाइन, जलापूर्ति और स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता बनाए रखने के लिए गीला व सूखा कचरा अलग-अलग डालने की अपील की। शिकायत के लिए स्वच्छता एप, ई-समाधान पोर्टल, सीवरेज व जलापूर्ति हेतु टोल फ्री नंबर 14420 तथा स्ट्रीट लाइट के लिए 0184-2200600 पर संपर्क किया जा सकता है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत नगर निगम करनाल द्वारा कचरा पृथक्करण अभियान को तेज किया गया है।




**साक्षरता प्रतियोगिता**

**करनाल।** राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड करनाल में आज जिला स्तरीय विधिक साक्षरता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि करनाल नगर निगम की मेयर रेणु बाला ने शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने की। मेयर रेणु बाला ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को कानूनी सजगता और समझ देने के साथ-साथ समाज में फैली कुरीतियों पर गहरी चोट करते हैं। विद्यार्थियों को प्रतिभा के साथ-साथ इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।

# महाशिवरात्रि पर लगेगा भंडारा

- ऊं शिव शंकर सेवा मंडल की ओर से किया जाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

ऊं शिव शंकर सेवा मंडल की ओर से महाशिवरात्रि के अवसर पर महा संगमहाश्वेर अरुणाय पेहवा मे विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस महाशिव रात्रि के भंडारें को लेकर मंडी में मंडल कार्यालय में एक बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल प्रधान दुर्गेश मित्तल ने की। प्रधान मित्तल ने बताया कि मंडल की ओर से 14-15 फरवरी को अरुणाय मन्दिर मे पटियाला वालों की धर्मशाला मे दो दिन का 20 वां विशाल भंडारा लगाया जायेगा। सभी मैंम्बरों के साथ तैयारियों के बारे मे विचार किया और सभी मैंबरों की ड्यूटियां लगाई गई। इस बैठक में मंडल के सभी मैंबर एवं मंडी आढ़तियों ने भाग लिया।



तरावड़ी। बैठक की अध्यक्षता करते हुये प्रधान दुर्गेश मित्तल, सुभाष गर्ग व सदस्य उपस्थित। फोटो : हरिभूमि

**ये मिलेंगी सुविधाएं**

प्रधान दुर्गेश मित्तल ने पत्रकारों को बताया कि संस्था हर वर्ष श्री अमरनाथ मे नगरवासियों के सहयोग से जम्मू कश्मीर स्थित बालटाल के रास्ते बराडी मार्ग पर विशाल भण्डारे का आयोजन करती है। भण्डारे पर यात्रियों के लिए रात को ठहराने के लिए शैड, कंबल, दवाईयां व भोजन की सुविधा उपलब्ध होती है।

## राजकीय महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर कार्यशाला आयोजित

# सभी क्षेत्रों में एआई की भूमिका अहम : डॉ. उमेश आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जनसंचार विभाग और पर्सनालिटी डिवलपमेंट सेल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार में जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर उमेश आर्य रिसोर्स पर्सन रहे। जनसंचार विभाग की डॉ. रश्मि सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जनसंचार विभाग के प्रभारी डॉ. सुरेश कुमार दुग्गल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रति डिजिटल रूप से सक्षम बनाना तथा भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के लिए तैयार करना है। रिसोर्स पर्सन प्रो.उमेश आर्य ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि शिक्षा, पत्रकारिता, स्वास्थ्य, बैंकिंग, कृषि और उद्योग जैसे अनेक क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एआई के माध्यम से कार्यों को अधिक तेज, सटीक और प्रभावी बनाया जा सकता है। वक्ता ने विद्यार्थियों को मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और ऑटोमेशन जैसी तकनीकों की जानकारी दी। आने वाले समय में रोजगार के नए अवसर एआई आधारित कौशल पर निर्भर होंगे, इसलिए छात्रों को अभी से डिजिटल और तकनीकी ज्ञान अर्जित करना चाहिए। उन्होंने एआई के सकारात्मक उपयोग के साथ-साथ इससे जुड़ी नैतिक चुनौतियों और डेटा सुरक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला।



करनाल। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर उमेश आर्य को पौधा भेंट कर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**प्रश्न-उत्तर सत्र का आयोजन भी किया**

कार्यशाला के दौरान प्रश्न-उत्तर सत्र का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और एआई से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं को साझा किया। छात्रों ने इस कार्यशाला को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में जनसंचार विभाग और पर्सनैलिटी डिवलपमेंट सेल द्वारा मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जनसंचार विभाग के प्रभारी डॉ. सुरेश कुमार दुग्गल और मनोविज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. शिखा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

### विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध किया जागरूक

**पानीपत।** पानीपत पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ एक विशेष और व्यापक जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गठित नशा मुक्त टीम ने शुक्रवार को गढ़सरनाई गांव में राजकीय स्कूल का दौरा कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं, नशा मुक्त टीम ने स्कूल में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन को पूरी तरह से प्रभावित करता है। वहीं, नशा मुक्त टीम द्वारा गांव में डोर-टू-डोर अभियान चला ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### पुलिस ने कट्टे के साथ आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने गांव किवाना में शमशान घाट के पास नाकाबंदी कर निखिल उर्फ जतिन पुत्र श्यामलाल निवासी चुलकाना जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। थानेदार विजय ने बताया कि आरोपी निखिल उर्फ जतिन के खिलाफ थाना समालखा में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### चेक बांउस के भगौड़े को पुलिस ने पकड़ा

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में न्यायालय से भगौडा घोषित आरोपी राजेंद्र निवासी आदर्श नगर, पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं थानेदार मुकेश ने बताया कि चेक बाउंस के केस में न्यायालय में निर्धारित तारिखों पर ना पहुंचने पर आरोपी राजेंद्र को दिसंबर 2024 में अदालत ने भगौडा घोषित किया था। वहीं, राजेंद्र पर थाना शहर में बीएनएस की धारा 209 के तहत केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई थी।

### जिलास्तरीय स्पर्धा के लिए रग्बी टीमों का चयन

**पानीपत।** पानीपत रग्बी की अध्यक्ष बबीता सिंह ने बताया कि जिले से महिलाओं के साथ साथ पुरुष टीम भी सात फरवरी को कैथल में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। जिसमें जिले की टीम से अनुकूल, कुलवंत, विनय, रचित, सावन, सागर, विनय व विजय भाग लेंगे। अमन मलिक टीम कोच होंगे। लड़कियों की टीम में प्रियंका, ट्विंकल, ईशा, पायल, करीना, दीपा, सीमा, अंजली, अमनप्रीत, स्वीटी, संतोष व भामिनी होंगी।

### डीईओ का अबकी बार 99 पार का नारा

**पानीपत।** डीईओ राकेश बूरा एवं डीईईओ के नेतृत्व में जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक हुई। डीईओ राकेश बूरा ने जिले के शिक्षकों, प्रधानाचार्यों एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अबकी बार 99 पार का नारा दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि 99 पार का आशय केवल अंकों की दौड़ नहीं, बल्कि 100 प्रतिशत गुणवत्ता-युक्त, उत्कृष्ट एवं अनुशासित परिणाम सुनिश्चित करना है। इस पहल का उद्देश्य यह है कि दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणामों में पानीपत जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करे।

## जिला परिषद चुनाव कोरम पूरा नहीं होने के चलते हुआ स्थगित

# पानीपत को नहीं मिल पाई प्रथम महिला

■ 16 में से नौ जिला पार्षद ही चुनाव प्रक्रिया के लिए जिला सचिवालय पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला परिषद के अध्यक्ष पद का चुनाव स्थगित होने के कारण को एक बार फिर पानीपत को प्रथम महिला नहीं मिल पाई। चुनाव स्थगित होने का मुख्य कारण पार्षदों का कोरम पूरा नहीं होना रहा। चुनाव में 16 में मात्र नौ पार्षद ही चुनाव में भाग लेने पहुंचे। जबकि 11 पार्षदों की संख्या होने पर ही कोरम पूरा हो पाता। वहीं, अध्यक्ष पद का चुनाव के लिए निर्धारित समय तक भी पार्षदों के चुनाव में आने इंतजार किया गया। समयसीमा पूरी होने के बाद कोरम पूरा नहीं होने का हवाला देते हुए चुनाव अधिकारी जिला परिषद की सीईओ डॉ किरण सिंह ने जिला परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव स्थगित करने की घोषणा की। जबकि गत दिनों जिला परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव अतिरिक्त आयुक्त डॉ. पंकज यादव के बीमार हो के कारण स्थगित हुआ था। दूसरी ओर, माना जा रहा था कि अध्यक्ष पद पर भाजपा ने सुदेश रानी को प्रत्याशी बनाएगी, जबकि दूसरे छोर से अन्नू मलिक भी मैदान में थी। वहीं, सुदेश को कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार का आशीर्वाद प्राप्त है।



**पानीपत।** जिला परिषद अध्यक्ष पद के चुनाव में भाग लेने पहुंचे पार्षद।

**अध्यक्ष के लिए मंत्री पंवार ने की बैठक**

दावा किया जा रहा है कि सुदेश के प्रति सुरेंद्र आर्य, आरएसएस से जुडे है और सुदेश को अध्यक्ष बनवाने के लिए मंत्री पंवार 12 जिला पार्षदों के साथ बैठक भी कर चुके थे। जबकि अध्यक्ष पद की दावेदार अन्नू मलिक को कांग्रेसी माना जाता है। अन्नू के देवर अनिल मलिक कांग्रेसी है। वहीं, पानीपत जिला परिषद अध्यक्ष पद को ज्योति शर्मा व काजल देशवाल सुशोभित कर चुकी है। ज्योति, 27 दिसंबर सन 2022 को भाजपा के समर्थन से जिला परिषद चेयरपर्सन चुनी गई थी। वहीं बहुमत खोने के चलते ज्योति को अध्यक्ष पद गंवाना पडा था। इधर, 14 जून सन 2024 को काजल देशवाल सर्वसम्मति से चेयरपर्सन बनी। वहीं, काजल का जाति प्रमाणपत्र फर्जी साबित होने पर पद से हटाया गया और उन पर केस दर्ज भी करवाया गया।

## 13 से 19 जनवरी तक बंद था मकान

# समालखा में घर से 55 लाख के जेवर चोरी, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

■ पड़ोसी महिला पर जताया जेवरात चोरी का शक

समालखा की हथवाला रोड पर स्थित गांधी कालोनी निवासी संतोष उर्फ बबली के घर से लाखों के सोने व चांदी के आभूषण और नकदी चोरी हो गई। वहीं, घटना के समय संतोष अपने परिजन के साथ गांव डिकाडला गई हुई थी। इधर, संतोष ने अपनी पड़ोसी महिला पर चोरी का आरोप लगाते हुए थाना समालखा पुलिस से शिकायत दी है। पुलिस ने चोरी के इस मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, शिकायत में संतोष ने बताया कि उनका घर 13 से 19 जनवरी तक बंद रहा। इस दौरान उनका घर बंद था। इधर, 23 जनवरी को किसी कार्यक्रम में जाने के लिए जब उनकी पुत्रवधू प्रगति ने अलमारी खोली, तो उसमें रखे सभी आभूषण गायब मिले। उन्हें शक है कि चोरी उसी पड़ोसी ने की है, क्योंकि मकान की चाबी जहां रखी जाती थी, उसकी जानकारी उनके परिवार के अलावा सिर्फ उस पड़ोसी को ही थी। संतोष का दावा है कि चोरी की इस घटना से उनका करीब 55 लाख रूपय का नुकसान हुआ है।

## बुजुर्ग को आतंकी गतिविधियों में सिम के इस्तेमाल की दी धमकी

# पीएनबी मैनेजर ने वृद्ध को पांच लाख रुपये की साइबर ठगी से बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ बिजली विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी रामनिवास को एंटी टेररिस्ट स्क्वाड के नाम पर धमकी दी जा रही थी

पानीपत के इसराना में स्थित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ब्रांच के मैनेजर सुभाष चंद ने न केवल ₹ पांच लाख रुपए की ठगी रोकी। शुक्रवार की सुबह बुजुर्ग राम निवास बैंक में पहुंचे ओर मैनेजर सुभाष चंद्र के पास पॉजिटिव पे सिस्टम (पीपीएस) फॉर्म भरवाने गए। वहीं, राम निवास बेहद घबराए हुए थे और उनके चेहरे पर दहशत साफ दिख रही थी। इधर, मैनेजर सुभाष चंद्र, सेना में रह चुके है और वे राम निवास के चिंतित चेहरे को पढ गए। रामनिवास ने उन्हें बताया कि वे बिजली विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी हैं। उन्हें एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) के नाम पर एक कॉल आया था। कॉल करने वाले ने उन्हें डराया कि उनकी सिम का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों में हुआ है। ठगों ने उन्हें धमकी दी कि यदि वे जेल और परिवार पर आने वाली मुसीबत से बचना चाहते हैं, तो उन्हें डिजिटल क्लिक प्राइवेट लिमिटेड के खाते में तुरंत ₹ पांच लाख रुपए भेजने होंगे। वहीं, सुभाष चंद्र ने बुजुर्ग को बताया कि उनके साथ साइबर फ्रॉड किया जा रहा है। इस मामले की शिकायत पुलिस की साइबर सेल में की। पुलिस ने जहां इस मामले की जांच शुरू कर दी, वहीं बैंक मैनेजर के प्रयासों से रामनिवास ठगी का शिकार होने से बच गए।

# श्री श्याम फाल्गुनोत्सव का भव्य शुभारंभ

## महिला श्रद्धालुओं ने श्री श्याम सेवा मंडल की कलश यात्रा में लिया भाग

■ श्रीमद्भागवत कथा का 7 से 13 तक नई अनाज मंडी में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

श्री श्याम सेवा मंडल द्वारा 22वें श्री श्याम फाल्गुनोत्सव का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। पुरानी गुड़ मंडी से निकाली गई कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर भाग लिया। यात्रा से पूर्व मंदिर में ध्वनि यज्ञ का आयोजन किया गया तथा भगवान श्याम की पूजा.अर्चना की गई। यात्रा में बाबा श्याम सहित विभिन्न आकर्षक झांकियां शामिल रही। बैंड-बाजे, ढोल नगाड़ों पर नाचती गाती महिलाओं ने रेलवे रोड से जीटी रोड होते हुए कथा स्थल तक पहुंचकर कलश स्थापित किए। मंडल के सदस्यों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 7 से 13 फरवरी तक नई अनाज मंडी में दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगा। कथा वाचिका देवी चित्रलेखा भक्तजनों को श्रीमद् भागवत की कथा सुनाएंगी। इस अवसर पर प्रधान सत्यवीर गुप्ता, रमेश अग्रवाल, विजेंद्र मित्तल, नंद किशोर, राकेश गोयल, नवीन बंसल, विपीन गोयल, अनिल बंसल, विनय, पवन सिंघल, मौनी जैन, राजेश गोयल मौजूद रहे।



**पानीपत।** श्री श्याम फाल्गुनोत्सव के शुभारंभ में कलश यात्रा में भाग लेती नारी शक्ति। **फोटो : हरिभूमि**

### आयुष्मान कार्ड धारकों के सभी उपचार हों फ्री: जैन

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन के प्रधान प्रवीण जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आयुष्मान कार्ड पर हर रोग का पूरा उपचार कराए जाने व बुजुर्गों की पेंशन का ऐसे ही जारी रखने की मांग की है। जैन ने पीए मोदी को लिखे पत्र में बताया है कि आयुष्मान कार्ड जनहितकारी है। वहीं जब कोई गरीब आदमी कैंसर का इलाज करवाता है तो पहले उसका पूरा इलाज कार्ड पर होता था, जबकि अब गरीबों को उपचार में सभी टेस्ट, किमो थेरेपी व रेडिएशन थैरेपी की फीस देनी पडती है। वहीं, निर्धनों के हित में आयुष्मान कार्ड पर सभी तरह के इलाज फ्री होने चाहिए। इससे गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को काफी हद तक फायदा होगा।

## एलएनटी शिक्षण महाविद्यालय में सहस्त्र गीता शंखनाद का शुभारंभ

# गीता की राह पर चलने से विश्व शांति होगी स्थापित: आशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

■ 28 मार्च को कुरुक्षेत्र में संपूर्ण गीता का होगा गायन

एलएनटी शिक्षण महाविद्यालय में सहस्त्र गीता शंखनाद का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं गीता पाठ से हुआ। वहीं, अंतरराष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष आशु गोयल ने सहस्त्र गीता शंखनाद कुरुक्षेत्र कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गीता के सिद्धांतों की शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि गीता की दिखाई राह पर चलने से ही विश्व शांति व सद्भावना स्थापित होगी। वहीं, आशु ने कहा कि हम सब हरियाणा वासियों का सौभाग्य है। हम इस कार्यक्रम के आयोजन का कार्यभार मिला, जिसमें 12 देश 22 राज्यों और 14 विभिन्न भाषाओं के लोग शामिल होंगे। एलएनटी कॉलेज की अध्यक्ष उत्तरांचल प्रभारी मीनाक्षी गुप्ता ने कार्यकर्ता का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि हजार वर्षों के बाद एक साथ एक हजार गीता कंठस्ती लोग एक जगह हमारे परम पवित्र धरा कुरुक्षेत्र में मार्च में होंगे। कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सभी के लिए गौरव की बात है 28 मार्च को कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर एक साथ संपूर्ण गीता का गायन करेंगे। हम सभी एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस सभा में संयोजक रूपल शुक्ला, ममता वर्मा, सुनीता खन्ना, किरण मित्तल, डॉ राजेश भारद्वाज, डॉ लोकेश, डॉ बलजीत, मनीषा वत्स मौजूद रहे।



**पानीपत।** एलएनटी कॉलेज में बैठक करते सहस्त्र गीता शंखनाद के आशु गोयल व मीनाक्षी गुप्ता आदि।

### 22 वर्षीय विवाहिता पुत्र समेत हुई लापता परिजनों ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

■ पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की कार्यवाही

**पानीपत।** थाना इसराना के क्षेत्र के एक गांव में अपने मायके में आई 22 वर्षीय विवाहिता अपने पुत्र के साथ संदिग्ध हालात में लापता हो गई। परिजनों ने विवाहिता व उसके पुत्र की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, परिजनों ने मां व बेटे के लापता होने की सूचना इसराना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मां व बेटे की गुमशुदी का केस दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर

### सुख व शांति के लिए बनें धार्मिक : स्वामी

■ कांता बरेजा परिवार ने कराया भंडारा

**पानीपत।** स्वामी श्री दयानंद सरस्वती ने श्री हिंदू सत्संग मंदिर के वार्षिक उत्सव में कहा कि नागरिकों को जीवन में धर्म का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सुख व शांति के लिए धार्मिक बनो। जबकि भजन गायिका सीमा भारती ने भजनों से सभी को भाव विभोर कर दिया। वहीं, प्रधान राजेश सूरी ने बताया कि मंदिर भंडारे का आयोजन कांता बरेजा परिवार ने किया। इस अवसर पर पंडित गौरव शर्मा, आत्म प्रकाश लखीना, चंद्रभान वर्मा, दीपू ढींगरा, ओम प्रकाश खुराना मौजूद रहे।

# आईबी के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण




**पानीपत।** आईबी कॉलेज के विद्यार्थी शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण पर रवाना होते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा मेधा फाउंडेशन के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें बीए, बीबीए, बीकॉम एवं बीसीए के 40 विद्यार्थियों ने गुरुग्राम के भोरा कलां स्थित अमेजन फुलफिलमेंट सेंटर का भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना तथा उन्हें आधुनिक लॉजिस्टिक्सए सप्लाई चेन मैनेजमेंट और टेक्नोलॉजी.आधारित कार्यप्रणालियों की व्यावहारिक समझ प्रदान करना था। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने इस औद्योगिक भ्रमण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे विजिट्स छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। इससे विद्यार्थियों को किताबों से आगे बढक़र वास्तविक उद्योग अनुभव मिलता है। भ्रमण के दौरान डॉ.अर्पणा गर्ग संयोजिका प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस सेल, कीर्ति असीजा, मेधा फाउंडेशन से अमन श्रीवास्तव व छवि उपस्थित रहे।

### इंसान की सेहत का सबसे बड़ा दुश्मन है तनाव : यशदीप

**पानीपत।** साइकोलॉजिस्ट यशदीप मलिक ने कहा कि तनाव इंसान की सेहत का सबसे बडा दुश्मन है। वहीं आधुनिकता की होड में किशोर अवस्था से ही मानव में तनाव हो रहा है और यह तनाव इंसान को आत्महत्या तक ले जाता है। उन्होंने कहा कि तनाव, इंसान को मानसिक व शारीरिक रोगी बना देता है। वहीं, तनावग्रस्त इंसान के घर में हमेश कलह का वातावरण बना रहता है। उन्होंने कहा कि सुख व दुख मानव जीवन का अहम हिस्सा है। इसके मद्देनजर हालात चाहे जो हो हर नागरिक को सकारात्मक बने रहना चाहिए। ऐसे कार्य करने से बचना चाहिए जो तनाव देते हो। उन्होंने बताया कि तनाव होने पर काउंसलिंग सेवाएं लेनी चाहिए। वे जरूरतमंद लोगों को व्यक्तिगत, समूह और ऑनलाइन काउंसलिंग देते है।



साइकोलॉजिस्ट यशदीप मलिक।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध हो निस्तारण : बरार

**पानीपत।** समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आशिमा बरार, आयुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार (आबकारी एवं कराधान विभाग तथा वित्त विभाग-टू) एवं मॉनिटरिंग एंड कोऑर्डिनेशन सेल (जीएडी), मुख्य सचिव कार्यालय, हरियाणा सरकार द्वारा की गई। वहीं बरार ने समाधान प्रकोष्ठ में दर्ज शिकायतों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इधर, बैठक के दौरान नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने आश्वस्त किया कि शेष बची शिकायतों का निस्तारण शीघ्र किया जाएगा और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।



**पानीपत।** जिला सचिवालय में समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक उपस्थित अधिकारी। **फोटो : हरिभूमि**

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने नशे के विरूद्ध रैली निकाली




**पानीपत।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने अपने बोध प्रकल्प के तहत विद्यानंद कालोनी में डीसीएम स्कूल से मादक पदार्थों के विरूद्ध शिक्षकों व विद्यार्थियों को जागरूक किया। वहीं दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की साध्वियों के नेतृत्व में विद्यानंद कालोनी में नशे के विरूद्ध जागरूकता रैली निकाल कर समाज के हर वर्ग को मादक पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। साध्वी शिष्या रितु भारती ने कहा कि नशे की लत, इंसान के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन को क्षति पहुंचाती है। इसके मद्देनजर सभी को नशे की लत से दूर रहना चाहिए। वहीं यदि कोई नागरिक नशे की लत का शिकार है तो उसका राजकीय अस्पतालों में उपचार करवाना चाहिए। वहीं, नशे का कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस को देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही नशे के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है।


### राहुल गांधी ने सिखों का किया अपमान :सिंह

**पानीपत।** नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहकर पूरी सिख कौम का अपमान किया है। सिख समाज अपने इस घोर अपमान को कभी नहीं भूलेगा और कांग्रेस व राहुल गांधी को सिख समाज का सबक सिखा कर रहेगा। ये शब्द दशमेश वेलफेयर फाउंडेशन के प्रधान सरदार अमरजीत सिंह कोहली ने फाउंडेशन की बैठक को संबोधित करते हुए कहे।

वहीं, कोहली ने कहा कि सिखों का कुर्बानी का इतिहास रहा है सिखों नें देश व धर्म के लिए सदैव बड़ी-बड़ी कुर्बानियां दी हैं। वहीं, रवनीत सिंह बिट्टू पंजाब के मुख्यमंत्री रहे शहीद बेअंत सिंह का पौत्र है इसका अपमान पूरी सिख काम का अपमान तथा उस शहादत का अपमान है। बैठक में स. सुरजीत सिंह, स. प्रगट सिंह, स. गुरु चरण सिंह, स. श्रृंगार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## किडनी हॉस्पिटल में फ्री कैंसर जांच ओपीडी कैंप का आयोजन

# प्रारंभिक जांच और सही निदान कैंसर प्रबंधन की मजबूत कड़ी : डॉ. दीप्ति




**पानीपत।** किडनी हॉस्पिटल में फ्री कैंसर ओपीडी कैंप में भाग लेते डॉक्टर्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

किडनी हॉस्पिटल में शुक्रवार को निःशुल्क कैंसर जांच ओपीडी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का मुख्य लक्ष्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शुरुआती लक्षणों की पहचान कराना और मरीजों को विशेषज्ञों से सीधा परामर्श उपलब्ध कराना था। कैंप में मरीजों की विस्तृत जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को आगे की जांचों और उपचार की स्पष्ट रूपरेखा दी गई। कई मरीजों ने उसी दिन से अपना उपचार शुरू भी कर दिया। कैंप में डॉ.मुकेश पाटेकर, डॉ.अभिषेक अग्रवाल ने कैंसर के सामान्य लक्षण, जोखिम कारक, बचाव के उपाय, नियमित स्क्रीनिंग का महत्व और आधुनिक उपचार पद्धतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ.भूपेंद्र कादयान ने कहा कि ऐसे कैंप लोगों को समय रहते सही दिशा देते हैं और गंभीर बीमारियों की जल्दी पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं डॉ. दीप्ति ने बताया कि प्रारंभिक जांच, सही निदान और तुरंत उपचार शुरू करना कैंसर प्रबंधन की सबसे मजबूत कड़ी है।

## खबर संक्षेप

### सामान चोरी के प्रयास का आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज पीतल, एल्युमीनियम की मोटरें व अन्य सामान चोरी का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सलमान उर्फ मोहम्मद ओसीम को गिरफ्तार किया है। परिवादी सतपाल ने 5 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आजाद नगर रामपुर स्थित उसके घर से आरोपी सलमान उर्फ मोहम्मद ओसीम व अन्य ने पीतल, एल्युमीनियम , मोटर व अन्य सामान चोरी करने का प्रयास किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज घास काटने की मशीन की मोटर व अन्य सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी कमलजीत उर्फ मोहित को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 5 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी कमलजीत उर्फ मोहित ने उसके घर से घास काटने की मशीन की मोटर व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया।

### नृत्य कार्यशाला में 20 छात्राओं ने लिया भाग

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालयमें महिला प्रकोष्ठ एवं एन.ई.पी. इंटर्नशिप समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में 'बाइट्स एंड बीट्स फेस्ट' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति तथा कौशल विकास को प्रोत्साहित करना रहा। नृत्य कार्यशाला में कुल 20 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान छात्राओं को शास्त्रीय, अर्ध-शास्त्रीय, बॉलीवुड, पंजाबी एवं हरियाणवी नृत्य शैलियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम पुलिस लगातार साइबर ठगों को काबू कर जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने आर्नलाइन टेलीग्राम पर पैसा कमाने व टास्क पूरा करने के नाम पर एक बड़ी रकम की धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी अभय सिंह उर्फ अंकित को गिरफ्तार किया है। जांच करने पर पाया आरोपी अभय सिंह के खाते में 10 लाख ट्रांसफर थे। मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।


## डीसी ने तैयार किए जा रहे शहीदी स्मारक का लिया जायजा

# सभी कार्यों को आपसी समन्वय के साथ पूरा करने के दिए निर्देश

**270 डिग्री प्रोजेक्टर के जरिए 1857 की क्रांति पर आधारित शॉर्ट फिल्म होगी प्रदर्शित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन आजादी की पहली लड़ाई (1857) के शहीदी स्मारक का डीसी अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को चल रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों व एजेंसी प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्मारक में सिविल वर्क, आर्ट एंड एग्जीबिट, म्यूजियम, पैनल, फिल्म प्रोजेक्शन सहित अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने प्रिजेंटेशन के माध्यम से स्मारक की संपूर्ण रूपरेखा, मेमोरियल टॉवर, गैलरियों, म्यूजियम में प्रदर्शित की जाने वाली फिल्मों तथा आर्ट वर्क से संबंधित कार्यों की स्थिति की



अंबाला। शहीदी स्मारक में चल रहे कार्यों का जायजा लेते डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह परियोजना ऐतिहासिक और अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कार्यों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। इसके उपरांत उपायुक्त ने स्वयं स्मारक के प्रत्येक फ्लोर पर जाकर गैलरियों, आर्ट वर्क, पैनल, लिफ्ट व्यवस्था एवं अन्य कार्यों का निरीक्षण किया और प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने पर्यटक सुविधाओं से जुड़े विषयों पर भी जानकारी ली। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता हरपाल सिंह ने उपायुक्त को बताया कि सिविल वर्क से संबंधित लगभग सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं। शेष बचे कार्यों को तय समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने यह भी बताया कि इस स्मारक में 270 डिग्री प्रोजेक्टर के माध्यम से 1857 की क्रांति पर आधारित सॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की जाएगी। इसके साथ ही रैंप, सीढ़ियां तथा कमल के फूल के आकार के मेमोरियल टॉवर तक पहुंचने के लिए हाई स्पीड दो लिफ्ट लगाई गई हैं जिनके माध्यम से पर्यटक 12वीं मंजिल तक सुगमता से पहुंच सकेंगे। इस भव्य परियोजना के अंतर्गत इंटरप्रिटेशन सेंटर, म्यूजियम, ओपन एयर थिएटर, ऑडिटोरियम, वॉटर बॉडी, हेलीपैड, मेमोरियल टॉवर, स्टाफ क्वार्टर और कार पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं का निर्माण किया गया है। 1857 की आजादी की पहली लड़ाई से जुड़ी फिल्मों को गैलरियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम विनेश कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी रमेश कुमार, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल भी मौजूद रहे।

## जिले के श्रमिकों के लिए गर्व की बात

# कल उड़ीसा में होगा भारतीय मजदूर संघ का 21वां अधिवेशन, जिला मंत्री करेंगे हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

देश के सबसे बड़े श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ का 21 वां अखिल भारतीय अधिवेशन 8 फरवरी को उड़ीसा के पवित्र तीर्थ नगरी जगन्नाथ पुरी में आयोजित होने जा रहा है। अधिवेशन का केंद्रीय विषय श्रम का गौरव राष्ट्रीय का गौरव रखा गया है जो श्रमिक सामान को राष्ट्रीय निर्माण से जोड़ने का सशक्त संदेश देता है। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में अंबाला जिले का प्रतिनिधित्व भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री कंवर पाल करेंगे ।यह जिले के श्रमिकों के लिए गर्व की बात है। भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष अरुण जोशी ने बताया कि



कंवरपाल

- दिल्ली की निर्देशक सुश्री मिचको मियां मोटो मुख्य अतिथि उपस्थित रहेगी

अधिवेशन का भव्य उद्घाटन भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष हरिमण्य पांडे की अध्यक्षता में होगा ।उद्घाटन 70 का शुभारंभ केंद्रीय श्रम एवं खेल मंत्री माननीय डॉक्टर मनसुख मांडवीया करेंगे। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन नई दिल्ली की निर्देशक सुश्री मिचको मियां मोटो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगी। सम्मेलन के दौरान बदलते वैश्णिक परीक्षा में श्रमिक आंदोलन की महत्वपूर्ण भूमिका पर आधारित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसका उद्घाटन उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चारण मांझी करेंगे भारतीय मजदूर संघ के जिला सह संगठन मंत्री दौलत राम ने बताया कि इस संगठन में 15 विदेशी देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे जिससे सम्मेलन का अंतरराष्ट्रीय महत्व और बढ़ जाता है ।इसके अतिरिक्त ट्रेड यूनियन आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी चुनौतियां और अवसर विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी जिसमें उड़ीसा की मुख्यमंत्री पार्वती परीडा एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजय रहटकर विशेष रूप से शामिल होंगी।

# अवैध खनन पर शिकंजा, 34 वाहन सीज, 18 मामलों में केस दर्ज किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

- डीसी ने खनन, पुलिस व आरटीए विभाग के कार्यों की समीक्षा की

अवैध खनन के मामले में कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने 34 वाहनों को सीज किया है। 18 मामलों में केस दर्ज किए गए हैं। एसडीएम कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अजय सिंह तोमन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी अवैध गतिविधियां पाई जाएं, वहां तुरंत नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत और एसडीएम शिवजीत भारती की मौजूदगी में उपायुक्त ने खनन, पुलिस और आरटीए विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि रात के समय औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी ताकि टीम सुरक्षित तरीके से छापेमारी कर सके। जिला खनन अधिकारी रिंकु कुमार ने बताया कि खनन विभाग ने 11 वाहन,इंफोर्समेंट टीम ने 10 वाहन, आरटीए विभाग ने सात वाहन और संयुक्त कार्रवाई के दौरान पांच वाहन जब्त किए गए हैं। उपायुक्त ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले में चल रहे स्टोन क्रैशरों के मानकों की जांच करें। उन्होंने कहा, जो क्रैशर मापदंड पूरे नहीं करते, उन्हें तुरंत बंद किया जाए। इस अवसर पर आरटीए सुशील कुमार और प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## चौहान ने प्रकाशित करवाया पेटेंट

**शहजादपुर।** युवा शोधकर्ता वारिस चौहान ने विज्ञान और स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते अश्वगंधा और क्रिएटिन आधारित एक नवीन न्यूट्रास्यूटिकल संरचना पर अपना पेटेंट प्रकाशित कराया है। यह पेटेंट एक ऐसे विशेष संयोजन पर आधारित है जिसका उद्देश्य शारीरिक प्रदर्शन, रिकवरी क्षमता और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। चौहान वर्तमान में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में मृदा विज्ञान में परास्नातक के छात्र है। पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक खेल पोषण विज्ञान के साथ जोड़ते हुए यह अभिनव फॉर्मुलेशन विकसित किया है। इस शोध कार्य की सफलता में उनके मार्गदर्शक प्रोफेसर डॉ. मेराज अहमद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

# प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही राज्य सरकार

- असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती को लेकर धरने पर बैठे युवाओं को समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही ऐतिहासिक "सद्भाव यात्रा" 125 वें दिन शुक्रवार को गांव काठे माजरा, जंगू माजरा, रामपुर, हुसैनी, धनौरा, बतौरा, नई बरौली, बरौली से होते हुए नारायणगढ़ बाजार में समाप्त हुई। यात्रा की शुरुआत से पहले बृजेंद्र सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में योग्य केंडिडेट को रिजेक्ट करने के खिलाफ 38 दिन से चल रहे धरने को समर्थन देने पहुंचे। ये उम्मीदवार पंचकूला में



शहजादपुर। सद्भावना यात्रा में शामिल पूर्व सांसद व अन्य लोग।

एचपीएससी ऑफिस के सामने धरने पर बैठे हुए हैं ।इस मौके पर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं की बात सुनना तो दूर धरने के लिए जगह भी ऐसी दे रखी है जहां न पीने को पानी है और न ही भोजन की व्यवस्था है। बात यही तक नहीं है बल्कि शौचालय तक भी कोई व्यवस्था नहीं है । उन्होंने कहा कि हमारी यात्रा शुरू हुए 4 महीने से उपर का समय हो गया है । सद्भाव यात्रा का यह 48 वां विधानसभा क्षेत्र है और सब जगह यात्रा को भरपूर समर्थन मिला है। नौकरियों को लेकर सिंह ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह प्रदेश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

**दावों का क्या औचित्य**

कहा कि जब सरकार नौकरी ही नहीं दे रही है तो बिना पर्ची बिना खर्ची को दावों का क्या औचित्य रह जाता है । जो नौकरियां दी जा रही है वे भी प्रदेश से बाहर के युवाओं को ही दी जा रही है । उन्होंने एक और सवाल उठाया कि प्रदेश में जो कुछ भर्तियां और नियुक्तियां हो रही है उनकी प्रकिया इतनी धीरे है कि युवा नौकरी का इंतजार करते-करते ओवर एज हो गए हैं । अगर नियुक्ति 7-7 सालों में हो तो इसे क्या कहेंगे । सिंह ने इसका उदारहण दिया पीजीटी कंप्यूटर साइंस की नियुक्तियों का । पीजीटी कंप्यूटर साइंस की 1711 वेकेंसी 2019 में निकाली गई थी। विडंबना देखिए कि नियुक्ति मिली 2026 में और वह भी सिर्फ 39 लोगों को । इससे यह पूर्ण रूप से साबित होता है कि प्रदेश सरकार नौकरी देना ही नहीं चाहती है । यदि कुछ नियुक्तियां हो भी रही है उनमें प्रदेश के युवाओं को दरकिनार करके बाहरी लोगों को भर्ती किया जा रहा है।

## काम के लिए भटक रहे लोग

# अब राजस्व अधिकारियों की हड़ताल के कारण बिगड़ी स्थिति

- पहले पटवारी व कानूनगो की हड़ताल के कारण बदहाल हो गए थे हालात, तहसीलों के धक्के खाने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पटवारी और कानूनगो की तीन दिन की हड़ताल के बाद नायब तहसीलदार, तहसीलदार और जिला राजस्व अधिकारियों की हड़ताल के बाद तहसीलों में हालात बिगड़ गए। अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण तहसीलों में पूरा दिन कामकाज ठप रहा। पटवारी और कानूनगो की रिपोर्ट कराने के बाद भी तहसील में लोग अपना काम नहीं करा पाए। रजिस्ट्री कराने के लिए लोग पूरे दिन तहसील के चक्कर काटते रहे, उनको दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग तहसील से चौथे दिन बिना काम के लौटे। राजस्व अधिकारियों की हड़ताल से एक दिन में जिले की सभी तहसील में 200 के आसपास रजिस्ट्री व एक हजार से ज्यादा प्रमाणपत्र अटके, इससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

हरियाणा रेवेन्यू ऑफिसर एसोसिएशन के बैनर तले राजस्व अधिकारियों ने पेन डाउन हड़ताल रखी। अधिकारियों ने बताया कि गुरुग्राम के वजीराबाद में नायब तहसीलदार नरेंद्र कुमार को बिना जांच के निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा तहसील में स्टांप ड्यूटी से संबंधित मामलों में विभागीय जांच के बजाय पुलिस केस दर्ज करने लगी है। अधिकारियों की गलती को भ्रष्टाचार से जोड़ा जा रहा है। नारायणगढ़ के नायब तहसीलदार के खिलाफ पीसी एक्ट में केस दर्ज करने की सिफारिश पुलिस ने की है। यह जान बूझकर नहीं बल्कि गलती से हुआ है। इसे ठीक भी किया जा सकता है।

**बढ़ाने को मजबूर**

कहा कि उनकी मांगों को नहीं माना तो वे हड़ताल बढ़ाने को मजबूर होंगे। पिछले तीन दिनों में पटवारियों की हड़ताल के कारण कोई रजिस्ट्री नहीं हो पाईं। इसके अलावा इंतकाल, जमाबंदी की नकल और अन्य तरह के प्रमाणपत्र संबंधित काम नहीं हो पाए। अन्य दस्तावेजों पर पटवारियों की तस्दीक तो शुरू हो चुकी है लेकिन आगे की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। पटवारी व कानूनगो वीरवार को काम पर लौटे। लोग सुबह काम कराने के लिए पहुंच गए थे। वे यहां से रिपोर्ट कराने के बाद तहसील में पहुंचे तो तहसीलदार व नायब तहसीलदारों ने हड़ताल के कारण काम रोक दिया।

**ढाई घंटे इंतजार**

सेक्टर- 10 के सुरेश ने बताया कि उनको अपने प्लॉट की रजिस्ट्री करानी थी। पटवारी और कानूनगो की हड़ताल के बाद जमाबंदी की रिपोर्ट तैयार हो पाई थी पर तहसीलदार के हड़ताल पर होने के कारण उनकी रजिस्ट्री नहीं हो पाई। इसी तरह दुर्गा नगर के रहने वाले अर्जुन ने बताया कि उन्होंने दस्तावेज पर तहसीलदार के साइन करवाने थे। वह ढाई घंटे से अधिकारी का इंतजार कर रहे थे, बाद में पता चला कि वह हड़ताल पर हैं। प्रॉपर्टी कारोबारी सुरजीत ने बताया कि उनकी रजिस्ट्री के लिए शेड्यूल तय था। पूरी प्रक्रिया हो चुकी है पर रजिस्ट्री नहीं हो पाई।



अंबाला। कार्यक्रम में हिस्सा लेते कॉलेज छात्र। फोटो: हरिभूमि

## सतत विकास पर अपने विचार सांझा किए

# छात्रों को प्रमाणपत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया समझाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- कार्यक्रमों में छात्रों की भागीदारी की सराहना की

नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया (एनडीएलआई) एवं एनडीएलआई क्लब सेंट्रल टीम द्वारा व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित ग्लोबल इवेंट वाटर रिर्सोस मैनेजमेंट फॉर जेनरेशनल सस्टेनबिल्टी में एमडीएसडी कॉलेज के छात्रों एवं शिक्षकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। वैश्विक कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रतन अग्रवाल रहे। उन्होंने जल संसाधन प्रबंधन तथा भावी पीढ़ियों के लिए सतत विकास पर अपने विचार सांझा किए। एमडीएसडी कॉलेज के एनडीएलआई क्लब की अध्यक्ष डॉ. कौशल चौहान के समन्वय में कॉलेज के छात्रों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उनका पोर्टल माध्यम से पंजीकरण करवाया गया। प्रतिभागियों को यह भी समझाया कि कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से किस तरह अटेंड करना है। छात्रों को कार्यक्रम के उपरांत सहभागिता प्रमाणपत्र डाउनलोड करने की पूरी प्रक्रिया भी समझाई गई। इस अवसर पर करमजीत कौर, निशु बंसल, कार्यकारी सचिव डॉ. उज्ज्वल, रीनू शर्मा तथा रजनी मित्तल भी उपस्थिति रही। उन्होंने इस प्रकार के शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों में छात्रों की भागीदारी की सराहना की। इस वैश्विक कार्यक्रम में भाग लेकर एमडीएसडी कॉलेज के छात्रों ने जल संरक्षण एवं सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषय पर ज्ञानवर्धन किया।

## धीन स्थित देव पॉलिटेक्निक कॉलेज का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

# इलेक्ट्रिकल ब्रांच से मोहित ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

धीन स्थित देव पॉलिटेक्निक कॉलेज का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कॉलेज के 15 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाकर संस्थान का नाम रोशन किया। डीएमएलडी कोर्स के तृतीय सेमेस्टर का परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। इलेक्ट्रिकल ब्रांच से मोहित ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गौरव ने 85 प्रतिशत, जतिन और बलवान ने 84-84 प्रतिशत तथा



मुलाना। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र। फोटो: हरिभूमि

रोहित ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।डीएमएलडी ब्रांच से पलक ने 85 प्रतिशत, दिव्या व राधिका ने 81-81 प्रतिशत तथा रिया ने 80.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार प्रदर्शन किया। कॉलेज प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेश भारद्वाज, कार्यकारी प्रबंधक व निदेशक डॉ. मृदुला भारद्वाज, निदेशक सत्यम भारद्वाज तथा प्रिंसिपल डॉ. राजेंद्र जायसवाल ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**धर्मकर्म** प्रसिद्ध गायक किरण व अंकुर देंगे गीतों की शानदार प्रस्तुति

**महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में कल आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम**

# लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणादायक अनुभवों से प्रेरित कर रही आशा

- लोगों को आध्यात्मिक कार्यक्रम का लाभ लेने का निमंत्रण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बताया कि महाशिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष्य में इंडियन रोलर में 8 फरवरी को दोपहर 02:00 बजे विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें। फोटो: हरिभूमि

रहा है। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने के लिए सुप्रसिद्ध गायक किरण दीदी व अंकुर भाई द्वारा गीतों की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी होंगी। उन्होंने अपना जीवन ईश्वरीय ज्ञान, आत्म-सशक्तिकरण, और तनाव प्रबंधन के संदेश को फैलाने में समर्पित किया है। दीदी अपने सरल और प्रेरणादायक अनुभवों के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। दीदी ब्रह्माकुमारीज चंडीगढ़ शाखा की इंचार्ज हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री अनिल विज शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य स्वामी राजेश्वरानंद महाराज होंगे। ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने सर्व आत्माओं के परमपिता, परम शिक्षक, परम सतगुरु, सर्व के सद्गति दाता परमपिता शिव परमात्मा की इस हीरे तुल्य शिवजयंती को मनाने शिव की सभी लाडली संतानों को सर्व प्रिय भाइयों एवं बहनों को गणमान्य व्यक्ति, जनसाधारण तथा आसपास के गांवों के लोगों को भी इस भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का लाभ लेने का निमंत्रण दिया हैं। सभी अपने परमपिता शिव परमात्मा से सच्ची, सुख, शांति, प्रेम व आनंद का वरदान लेने के लिए व इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के हेतु सभी इसमें ज़रूर पहुंचे।